46वीं वार्षिक रिपोर्ट

2010–2011

अनुक्रमणिका

निदेशकों का प्रतिवेदन	03
भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणी	08
लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन	09
लेखा नीतियाँ	14
संतुलन पत्र	16
लाभ और हानि लेखा	17
अनुसूचियाँ	19
दस वर्षीय सिंहावलोकन	40

निदेशक मण्डल	:	
श्री ए. के. जैन	:	अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक (दिनांक 31.05.2011 तक)
श्री अजय कुमार	:	अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक (दिनांक 01.06.2011 से)
श्री आर.पी. गोयल	:	निदेशक (दिनांक 07.06.2011 से दिनांक 26.04.2011 तक)
श्री देबाशीष जाना	:	निदेशक (दिनांक 26.04.2011 से)
कम्पनी सचिव प्रभारी	:	
श्री आर. के. श्रीवास्तव		
प्रमुख अधिकारीगण	:	
श्री आर.के. श्रीवास्तव		मुख्य प्रबन्धक दिनांक 01.04.2011 से
लेखा परीक्षक	:	**बैंकर्स**
मेसर्स ई.एच. अंसारी एण्ड कम्पनी सनदी लेखाकार सी-16, गुरू तेग बहादुर नगर, करेली, इलाहाबाद (उ0प्र0)		भारतीय स्टेट बैंक नैनी इलाहाबाद (उ.प्र.) - 211010

पंजीकृत कार्यालय

नैनी इलाहाबाद - 211010

उत्तर प्रदेश

दूरभाष - 0532-2687387

फैक्स : 0532-2687595

ई-मेल : tslnaini @rediffmail.com

वेब साइट : www.tslindia.org

क्षेत्रीय कार्यालय

नई दिल्ली	**मुंबई**	**कोलकाता**
पांचवॉ तल	5, रिजेन्ट चैम्बर्स	करनानी मैन्शन
जीवन बिहार भवन	तेरहवॉ तल	दूसरा तल रूम नं.-222/223
संसद मार्ग	नारिमन प्वाइन्ट	21, पार्क स्ट्रीट
नई दिल्ली - 110001	मुम्बई - 400021	कोलकाता - 700016

निदेशकों का प्रतिवेदन

सेवा में,
समस्त अंशधारीगण,
त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड

प्रिय अंशधारी गण,

निदेशकों को 31 मार्च 2011 को समाप्त हुये वर्ष के परीक्षित लेखा सहित 46वें वार्षिक प्रतिवेदन को प्रस्तुत करते हुये प्रसन्नता हो रही है।

वित्तीय समीक्षा :

गत वर्ष (2009-2010) के 3.34 करोड़ रूपये की तुलना में इस वर्ष विक्रय 2.20 करोड़ रूपये रहा है। गत वर्ष (2009-2010) के 56.22 करोड़ रूपये की तुलना में इस वर्ष 53.19 करोड़ रूपये की शुद्ध हानि हुयी।

विगत वर्ष की तुलना में समीक्षाधीन वर्ष के परिणामों को निम्नलिखित तालिका में प्रदर्शित किया गया है।

(रू0 करोड़ में)

	2010-2011	2009-2010
उत्पादन	1.92	3.13
सकल विक्रय	2.20	3.34
सकल लाभ/(हानि)	(5.00)	(8.09)
मूल्य ह्रास	0.32	0.32
प्रावधान	1.43	2.22
ब्याज	46.43	45.59
एफ.बी.टी. का प्रावधान	-	0.00
शुद्ध लाभ/(हानि)	53.19	56.22

पिछले पाँच वर्षों के विक्रय तथा उत्पादन का दर्शाया गया चित्ररूप :

₹ लाखो में



अंश पूँजी :

31.03.2011 को कम्पनी की अंश पूँजी 21.27 करोड़ रूपये रही।

औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्गठन परिषद (बी.आई.एफ.आर) पैकेज :

औद्योगिक एवं वित्तीय पुनर्गठन मंडल (बी.आई.एफ.आर) ने दिनांक 6 जून 2003 को कम्पनी के समापन के लिए आदेँ पारित किया है उसके बाद कम्पनी के श्रमिक संघ ने बी0आई0एफ0आर0 के फैसले के खिलाफ अपील ए0ए0आई0एफ0आर0 के समक्ष याचिका दायर किया है। अपील को प्राधिकारी (ए0ए0आई0एफ0) द्वारा अस्वीक(त कर दिया गया, कर्मचारी संघ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर किया है। माननीय उच्च न्यायालय ने मुकदमें की सुनवाई की और कम्पनी के पुनरूद्धार हेतु उचित निर्देश जारी किया है। कम्पनी के पुनरूद्धार का मामला भारत सरकार के समक्ष विचाराधीन है।

पर्यावरण :

वर्ष 2006-07 के दौरान कम्पनी परिसर के अन्दर पर्यावरण को बनाये रखने तथा प्लांट को साफ व वातावरण को स्वच्छ बनाये रखने एवं हरित क्रान्ति हेतु लगभग 1 लाख जेट्रोफा के व(क्ष लगाये गये थे, उनका रख-रखाव किया जा रहा है।

कार्यादेश प्राप्ति की स्थिति :

चालू परिस्थितियों के कारण (2010-2011) वित्तीय वर्ष के दौरान कम्पनी ने मात्र 1.19 करोड़ रूपये के कार्यादेश हासिल किया। 31 मार्च 2011 को कम्पनी के पास कुल रू0 2.98 करोड़ रूपये का कार्यादेश था।

भावी दृष्टिकोण :

वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान कम्पनी ने अपने कार्य निष्पादन में सुधार किया है, आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों और दूसरे देनदारों के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है, अपने सीमित साधनों से कम्पनी ने धन कमाना शुरू किया है और चालू देयताओं को अदा किया है। भारत सरकार के साथ कम्पनी के पुनरूद्धार पैकेज विचारधीन है।

लेखा परीक्षकों की आख्या

31.03.2011 को समाप्त वर्ष के लेखा विवरण पर सांविधिक लेखा परीक्षकों की आख्या में किये गये निरूपण पर निदेशकों के उत्तर :

क्र. सं.	लेखा संपरीक्षकों का निरूपण	प्रबन्धन का उत्तर
1.	पैरा 2 (i)	कोई टिप्पणी नहीं
2.	पैरा 2 (ii)	इराक में चल रहे कार्य सम्बन्धी व विवादित दावे के अलावा कम्पनी के पास विदेशी विनिमय से सम्बन्धित कोई लेन-देन नहीं है इसलिए बिदेशी विनिमय दर जो किताबों में लेखा मानक-11 के अनुसार ली गई है, परिवर्तित नहीं है। कम्पनी के पास अपनी केन्द्रीकृत निर्माण प्रक्रिया है एवं अपने उत्पाद को सिगमेन्ट वाइज विभक्त नहीं किया है अत: लेखा मानक 17 के अनुसार सिगमेन्ट वाइज उत्पाद आख्या नहीं दी गयी है। केन्द्र सरकार के नियन्त्रणाधीन कम्पनी होने के नाते सम्बन्धित पार्टी के साथ केन्द्र से नियन्त्रित अन्य उपक्रमों के सम्बन्धों की घोषणा करना वांछित नहीं है इसलिए मानक-18 के अनुसार घोषणा नहीं की गई है। कम्पनी का लेखा चालू संस्थान के आधार पर तैयार किया गया है एवं परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन ऐतिहासिक लागत के आधार पर किया गया है वसूली आधार पर नहीं किया गया है इसलिए मानक 28 के अनुसार व्यवहार नहीं किया गया है।
3.	पैरा 2 (iii)	भविष्य में अनुपालन के लिए नोट किया गया है।
4.	पैरा 2 (iv)	नोट किया।
5.	पैरा 2 (v)	नोट किया।
6.	पैरा 2 (vi)	जमा प्रविष्टियों को लिंक करते हुए ऋण एवं अग्रिम के मिलान के लिये प्रयास किया जा रहा है।
7.	पैरा 2 (vii)	नोट किया
8.	पैरा 2 (viii) (ए)	नोट किया
9.	पैरा 2 (viii)(बी)	एम0एस0एम0ई0डी0 अधिनियम 2006 के अन्तर्गत पंजीकरण संख्या न प्रस्तुत करने के कारण कम्पनी ने लघु उद्योग/सूक्ष्म लघु एवं मध्यम दर्जे के उपक्रमों की घोषणा नहीं की है। इसीलिए ब्याज दायिता का प्रावधान किताबों में नहीं किया गया है।

10.	पैरा 2 (viii) (सी)	भारतीय स्टेट बैंक में कम्पनी का नगदी जमा लेखा पहले से ही वर्ष 2003 में गैर निष्पादन सम्पत्ति के रूप में हो गया है एवं फरवरी 2004 में बैंक द्वारा प्रोटेस्टेड बिल में हस्तान्तरित कर दिया गया है। बैंक में एक कालिक समाधान का प्रस्ताव अभी भी खुला है जिसके मूल बकायों के आधार पर समाधान की प्रत्याशा है। बैंक द्वारा सुझाये गये ब्याज की गणना "अनुमानित जोड़ा गया ब्याज" आकस्मिक दायिता के अर्न्तगत दर्शाया गया है।
11.	पैरा 2 (viiii) (डी)	आपूर्ति में विलम्ब के लिए संविदाधीन तरलीकृत नुकसान की मद में ग्राहकों द्वारा कुल रू0 557.35 लाख रोका गया, मामलों के आधार पर सूक्ष्म परिक्षण किये जाने पर कम्पनी द्वारा रू0 314.66 लाख का प्रावधान किया गया है।
12	पैरा 2 (viii) (ई)	आगामी वित्तीय वर्ष के लिए लेखा किताबो में समुचित संवीक्षा एवं समायोजन के लिए नोट कर लिया गया है।
13.	पैरा 2 (viii) (एफ)	उप ठेकेदारों को किये गये भुगतान के मिलान/लिंक करने के लिये प्रयास किया जायेगा एवं आगामी वित्तीय वर्ष में किताबों में समुचित समायोजन किया जायेगा।
14.	पैरा 2 (viii) (जी)	भारी उघोग विभाग के निर्देशों के अनुसार कार्यकरों/अधिकारियों का 1992 का वेतन/मजदूरी का पुनरीक्षण क्रमशः दिसम्बर 1996 एवं मई 1997 से लागू कर दिया गया है बशर्ते कि सरकार द्वारा कोई वित्तीय सहायता नहीं ली जाये। कम्पनी को अपने निजी स्रोतो से वित्तीय प्रावधान करना होगा, कम्पनी ने किये गये भुगतान की सीमा तक का खर्च लेखा में दिखाया गया है तथा शेष की घोषणा लेखा टिप्पणियों में की गयी है।

(रू0 लाख में)

15. पैरा 3

वर्ष 2010-2011 में कुल हानि		5318.19
लेखा संपरीक्षको द्वारा किया गया प्रावधान है :-		
1	ग्राहको द्वारा एल0 डी0	557.35
2	ग्राहको से पुराना वापस धन	93.09
3	31.03.2011 तक बैंक ब्याज दायिता	230.09
4	वेतन/मजदूरी पुनरीक्षण का एरियर	455.01
5	वेतन पुनरीक्षण से उत्पन्न अन्तिम हित लाभ	174.48
6	उप ठेंकेदारों को भुगतान	115.57
	योग	1625.59
	गणना की गयी हॉनि	6943.78

लेखा संपरीक्षकों ने निरूपण किया है तथा लेखा किताबों में प्रावधान न किये जाने से उपरोक्त राशि रू० 1625.59 को जोड़ दिया है एवं वर्ष 2010-2011 के लाभ एवं हानि खाते में रू0 5318.19 लाख के स्थान पर रू0 6943.78 लाख की कुल हानि दर्शायी गयी है। उपरोक्त बिन्दुवार स्पष्टीकरण पहले ही लेखा संपरीक्षको के निरूपण में उल्लिखित है।

लेखा संपरीक्षको ने (उपरोक्त पर विचार करने के पश्चात) विविध देनदारी रू0 467.16 लाख ऋण एवं अग्रिम रू0 224.69 लाख तथा चालू दायिता रू0 7067.12 लाख का पुनर्मूल्यांकन किया है।

नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टिप्पणियॉ :

भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619(4) के अन्तर्गत व)र् 2010-11 के लिये लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन की समीक्षा न करने के निर्णय के आधार पर कम्पनी के लेखा पर कोई आख्या नहीं दी।

प्रदूषण नियंत्रण :

जल एवं वायु के प्रदूषण को निर्धारित मापदण्ड के अनुसार रखे जाने के लिए निरन्तर निगरानी रखा गया।

मानव संसाधन विकास :

वर्ष के दौरान औद्योगिक सम्बन्ध बड़े सौहार्दपूर्ण रहे। मार्च 2011 के अन्त में कम्पनी की जन शक्ति 133 थी।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ी जातियॉ/शारीरिक अपंग व्यक्ति :

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ी जातियॉ/शारीरिक अपंग व्यक्ति के आरक्षण एवं उन्नति के संदर्भ में बनायी गयी सरकारी नीतियों एवं मार्गदर्शन का कम्पनी हमेशा से अनुपालन करती आ रही है।

सतर्कता गतिविधियॉ :

केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा सतर्कता क्रियाकलाप से सम्बन्धित जारी किये गये सभी निर्देशों को प्रभावी ढंग से अनुपालन किया जाता है। विभिन्न स्रोतों से प्राप्त शिकायतों पर जांच एवं समयाविधि के अन्तराल पर आकस्मिक जांच पड़ताल की जाती है।

राजभाषा का क्रियान्वयन :

कम्पनी के विभिन्न गतिविधियों में राजभाषा के उन्नति के लिए सरकार से प्राप्त सारे निर्देशों एवं सुझावों का अनुपालन किया जाता है। सामयिक समीक्षा बैठकों के अलावा कम्पनी प्रत्येक तिमाही में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन करती है।

सनदी लेखा परीक्षक :

मेसर्स ई0एच0 अंसारी एण्ड कम्पनी, सनदी लेखाकार, इलाहाबाद को भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619(2) के अन्तर्गत व)र् 2010-11 के लेखा परीक्षा हेतु कम्पनी के सनदी लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया गया।

कर्मचारियों का विवरण :

समीक्षाधीन वर्ष में, ऐसा कोई भी कर्मचारी नहीं है जिसका विवरण कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (2ए) कम्पनी (कर्मचारियों का विवरण) नियम, 1975 सहित पठित प्रावधानों के अन्तर्गत अपेक्षित हो।

निदेशकों की जिम्मेदारी का विवरण :

कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (2AA) के प्रावधानों के अन्तर्गत निदेशक यह पुष्टि करते हैं कि :

1. वार्षिक लेखा तैयार करने में सामग्री प्रस्थान सम्बन्धी समुचित स्पष्टीकरणों सहित लेखा मानक का अनुपालन किया गया।
2. निदेशकों ने ऐसी लेखा नीतियों का चयन किया और उनका निरंतर अमल में लाकर न्यायसंगत एवं यथोचित विवरण बनाए है जो कि कम्पनी के वस्तुस्थिति का सत्य एवं स्पष्ट विवरण देता है तथा वर्ष के अन्त में लाभ एवं हानि का आकलन किया गया है।
3. यह कि निदेशकों ने उचित एवं निर्धारित अधिनियम के प्रावधानों के अर्न्तगत कम्पनी की सम्पत्ति की रक्षा के लिये उचित उपाय अपनाये हैं ताकि चोरी एवं अन्य अनियमिततायें न होने पायें।
4. निदेशकों ने वार्षिक लेखा कार्यरत संस्थान के आधार पर तैयार किया है।

निदेशक मण्डल :

1. श्री आर०पी० गोयल निदेशक (अंशकालिक) निदेशक मण्डल से 25.04.2011 से मुक्त हो गए।
2. श्री देवाशीष जाना, निदेशक, को सार्वजनिक उपक्रम के भारी उद्योग विभाग ने दिनांक 26.04.2011 को अंशकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त किया।
3. श्री ए०के० जैन अध्यक्ष-एवं-प्रबन्ध निदेशक का कार्यकाल 31.05.2011 को निदेशक मण्डल से समाप्त हो गया।
4. श्री अजय कुमार स्कूटर्स इण्डिया लिमिटेड, लखनऊ के अध्यक्ष-एवं -प्रबन्ध निदेशक को दिनांक 01.06.2011 से कम्पनी के अध्यक्ष-एवं-प्रबन्ध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया।

आभार :

निदेशकगण भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों विशेष रूप से भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्रालय, राज्य सरकारों द्वारा समय-समय पर दी गयी सहायता तथा मार्ग दर्शन के लिए आभारी एवं कृतज्ञ हैं। निदेशकगण भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक, वाणिज्यिक लेखा के प्रमुख निदेशक तथा पदेन सदस्य, वाणिज्यिक लेखा परीक्षा मंडल तथा उनके अधिकारियों और कर्मचारियों को भी उनके द्वारा दिये गये मूल्यवान मार्ग दर्शन के लिये धन्यवाद देते हैं पुनः निदेशकगण सांविधिक लेखा परीक्षकों, बैंको, मूल्यवान ग्राहकों तथा आपूर्तिकर्ताओं के प्रति उनके द्वारा दी गई सहायता तथा लगातार विश्वास के लिये प्रशंसा अभिलिखित करते हैं और अन्त में कम्पनी के सभी वर्गों के कर्मचारियों द्वारा किये गये समर्पण तथा सहयोग के लिए निदेशकगण उनके प्रति अपनी सराहनीय भावना अभिलिखित करते हैं।

कृते एवं निदेशक मंडल की ओर से

अजय कुमार

अध्यक्ष-एवं -प्रबन्ध निदेशक

दिनांक 31 मार्च 2011 को समाप्त हुए वर्ष के लिए त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड के लेखाओं पर कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619(4) के अन्तर्गत भारत के नियन्त्रक एवं महालेखा की टिप्पणियाॅं :

31 मार्च, 2011 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत निर्धारित वित्तीय प्रतिवेदन की रूपरेखा के अनुकूल त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड, नैनी अधिनियम, 1956 की धारा 619(2) के अन्तर्गत भारत के नियन्त्रक एवं लेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त किये गये वैधानिक लेखा परीक्षक जो कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 227 के अन्तर्गत इन वित्तीय प्रपत्रों के लिए अपनी राय हेतु उत्तरदायी है जो भारत के सनदी लेखाकार संस्था के प्रोफेशन बॉडी द्वारा प्रस्तावित लेखा और हस्तान्तरण पत्र स्तर के अनुकूल स्वतंत्र लेखा परीक्षा पर आधारित है। यह उनके लेखा प्रतिवेदन 16 सितम्बर 2011 में उनके द्वारा कथित रूप से दर्शाया गया है।

हमने भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की ओर से यह निर्णीत किया है कि त्रिवेणी स्ट्राक्चरल्स लिमिटेड के समाप्त हुये वित्तीय वर्ष 31 मार्च 2011 पर वैद्यानिक अंकेक्षक की आख्या की पुन: समीक्षा न की जाये। इसीलिये कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 619(4) के अन्तर्गत प्रतिवेदन पर कोई टिप्पणी नहीं की जा रही है।

कृते और भारत के नियन्त्रक तथा महालेखा परीक्षक की तरफ से

(नैना ए. कुमार)
प्रधान निदेशक वाणिज्यिक लेखा परीक्षा
एवं पदेन सदस्य, लेखा-परीक्षा परिषद-।।,
नई दिल्ली

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.09.2011

लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन

अंशधारीगण,
त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड,
नैनी, इलाहाबाद

हमने मेसर्स त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड के 31 मार्च 2011 को समाप्त हुये वर्ष के संलग्नित सन्तुलन पत्र तथा उसी दिनांक को समाप्त हुये वर्ष के लाभ हानि लेखा जो इसके साथ संलग्न है को परीक्षण किया है। ये वित्तीय कथन कम्पनी के प्रबन्धन की जिम्मेदारी हैं। हमारी जिम्मेदारी इन वित्तीय कथनों के परीक्षण के आधार पर एक राय व्यक्त करने की है।

हमने भारत में सामान्यत: मान्य परीक्षण मानकों के अनुरूप अपना परीक्षण कार्य पूरा किया है। उन मानकों के तहत हम यथार्थ व विश्वसनीयता प्राप्त करने के लिए योजनाबद्ध रूप में परीक्षण करते हैं जिससे कि वित्तीय लेखा वस्तुनिष्ठ मिथ्याकथन से मुक्त हो। एक परीक्षण, प्रयोग में लाए गये लेखा सिद्धान्तों और प्रबन्धन द्वारा किये गये आवश्यक मूल्य निर्धारण का आंकलन है साथ ही साथ वित्तीय लेखा के प्रदर्शन का मूल्याकन करता है। हम विश्वास करते हैं कि हमारा परीक्षण हमारी राय के लिए यथार्थ आधार प्रदान करता है।

1. कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 227 (4–ए) के तहत, केन्द्र सरकार द्वारा जारी किये गये कम्पनियों (लेखा परीक्षकों का प्रतिवेदन) के आदेश में जैसा चाहा गया है एवं वैसे जांचों के आधार पर जैसे हमने उचित समझा है तथा हमारे सम्पूर्ण जानकारी एवं विश्वास तथा हमें दिये गये सूचना एवं स्पष्टीकरण के आधार पर हम उस आदेश के पैराग्राफ 4 व 5 में वर्णित तथ्यों पर एक कथन संलग्नक "अ" के रूप में संलग्न करते हैं।

2. उपरोक्त अनुच्छेद 1 में उल्लिखित संलग्नक पर हमारे समालोचना के बाद, हम उल्लिखित करते हैं कि :

(i) बी0आई0एफ0आर0 के आदेश एवं प्रतिकूल वित्तीय एवं क्रियात्मक सूचकों के बावजूद, चालू उद्यम के आधार पर कम्पनी लेखों का संकलन किया है। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए कम्पनी एक चालू उद्यम के रूप में आगे चल सके, इसमें वास्तव में संदेह है।

(ii) कम्पनी द्वारा विदेशी विनिमय दरों में बदलाव में प्रभावों के लेखा से सम्बन्धित लेखा मानक ए0एस0–11, वृत्त खण्ड सूचना मानक ए0एस0–17, जनसाधारण जानकारी मानव ए0एस0–18 और सम्पत्तियों के नुकसान से सम्बन्धित मानक ए0एस0–28 में लिये गये प्रावधान का पालन नहीं किया गया है।

(iii) कम्पनी ने पूर्णकालिक कम्पनी सचिव की नियुक्ति नहीं की है। अत: कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 383–ए के प्रावधानों का उल्लंघन हो रहा है।

(iv) भारत ओवरसीज बैंक, चालू देयतायें, विविध देनदारों, ऋण एवं अग्रिम में दर्शाये गये शेष तथा बैंकों के चालू खातों में 2.33 लाख रूपये (18 बैंक खाते) मार्जिन राशि 0.30 लाख का निर्धारण उनकी पुष्टि किये जाने पर ही हो सकता है। अत: ऐसे परिणामी प्रभाव के सम्बन्ध में हम कोई टिप्पणी नहीं कर सकते हैं।

(v) कम्पनी के लेखा पुस्तकों में प्रगतिशील कार्य और तैयार माल के शेष का भौतिक शेष से अन्तर

सत्यापन के अभाव में अथवा मिलान न होने से आर्थिक विवरण में पड़ने वाले कोई परिणाम यदि है तो निश्चित करनें में असमर्थ है।

(vi) ऋण एवं अग्रिम शीर्ष के अन्तर्गत सम्बन्धित देयताओं के शेष की परिविष्टियों का मिलान नही है। बेमेल और उपरोक्त आंकड़ों का अत्यधिक सीमा तक दर्शाना तथा मदों का कड़ियों में न होने का पता लगाना बाकी है।

(vii) कर्मचारी भविष्य निधिन्यास के घाटा के सम्बन्ध में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। आकेक्षणाधीन वर्ष हेतु ट्रस्ट के खातों को अन्तिम रूप न दिये जाने के कारण वित्तीय विवरणों पर पड़ने वाले भौतिक संघात, यदि कुछ है का पता करना बाकी है।

(viii) इसके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

(ए) जुलाई, 1997 में नापाथा साकरी साइट पर भीषण बाढ़ के कारण हुई हानि। कम्पनी के पास आपदा में हुये सम्पत्तियों के हानि का कोई पुष्टिकारक अभिलेख नहीं है।

(बी) एम0एस0एम0ई0डी0 अधिनियम के अन्तर्गत लघु उद्योग इकाइयॉ/सूक्ष्म, छोटे और मध्यम उद्योगों के विलम्बित भुगतान हेतु ब्याज की की देयता यदि उठाता है (सन्दर्भित टिप्पणी संख्या-09)

(सी) 23009.00 लाख रूपये नगद देयता पर ब्याज (सन्दर्भित टिप्पणी संख्या-11)

(डी) विलम्बित आपूर्ति हेतु निविदा हानि चुकाने के लिए ग्राहक द्वारा रोके गये 557.35 लाख रूपये (सन्दर्भित टिप्पणी संख्या-3.2)

(ई) विभिन्न कार्यों के अधीन 93.09 लाख रूपये पुराने रोके गये धन को प्रबन्धन द्वारा बीजक भुगतानों को संदिग्ध समझा गया है।

(एफ) उप-ठेकेदारों के खातों में बने भुगतानों की पुरानी राशि रूपये 115.57 लाख की कड़ियॉ नहीं मिल रही है।

(जी) जनवरी/फरवरी, 1992 के वेतन पुनरीक्षण के कारण 455.01 लाख रूपये बकाया वेतन और भत्ते की देयता और आखिरी लाभ जैसे ग्रेच्युटी, एक्सग्रेसिया (वी0आर0एस0) रू0 174.48 लाख। (सन्दर्भित टिप्पणी संख्या-14.1 एवं 14.2)

(3) आगे हम यह सूचित करना चाहते हैं कि उपरोक्त पैरा 2 में हमारे अवलोकनों एवं संलग्नक-ए में उल्लिखित संलग्नक में दिये गये अवलोकनों के अधीन बिन्दु संख्या 2(i) से (vii), (viii)ए, (viii)बी, के सम्बन्ध में लिखे गये मदों के प्रभाव को बिना विचार किये हुये जिनका निर्धारण नहीं हो सकता, बिन्दु संख्या 2 (viii) (सी) से (जी) के विरूद्ध हमारे द्वारा किये गये अवलोकनों पर विचार किया गया होता तो इस वर्ष का घाटा रूपये 6943.78 लाख (दर्शाये गये रूपये 5318.19 लाख कर पूर्व के विरूद्ध) का होता, विभिन्न दायितायें रूपये 467.16 लाख (दर्शाये गये रूपये 1117.60 लाख के विरूद्ध) होता ऋण व अग्रिम 224.69 दिखाये गये रूपये 340.26 को होता तथा चालू दायितायें रूपये 7067.12 लाख (दर्शाये गये रूपये 6207.94 लाख के विरूद्ध) होता।

(4) हमारे पूर्ववत टिप्पणियों के अनुसार हम इसके आगे निम्न प्रकार से सूचित करते हैं:-

(ए) हमने सभी सूचनाओं एवं स्पष्टीकरणों को हासिल किया है, जो हमारी संपरीक्षा के उद्देश्य के लिये, हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के लिए जरूरी थे।

(बी) हमारे विचार में नियमानुसार कम्पनी द्वारा लेखा के उचित खातों का रखाव अभी तक किया गया हैं, जो हमारे द्वारा वैसे खातों के परिणाम से परिलक्षित होता है।

(सी) हमारे विचार में, लाभ/हानि खाता एवं आय व्यय के हिसाब कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 211 की उपधारा (3) (सी) से सन्दर्भित लेखा मापदण्डों के अनुसार है।

(डी) इस रिपोर्ट के माध्यम से किये गये आय व्यय हिसाब एवं लाभ-हानि खातों के अनुकूल है।

(ई) निदेशकों की अयोग्यता के सम्बन्ध में, कम्पनी मामलों के विभाग ने अपने स्पष्टीकरण संख्या GRS 829(ई) दिनांक 21.10.2003 में सरकारी कम्पनियों को कम्पनी अधिनियम 1956 की धारा 274 (1)(जी) के प्रावधान से मुक्त कर दिया है।

(एफ) हमें दिये गये स्पष्टीकरणें के आधार पर एवं हमारी सर्वोत्तम जानकारी एवं विचार में, उपरोक्त आय-व्यय हिसाब एवं लाभ-हानि खाता, अनुसूची संख्या 11 में लेखा का एक हिस्सा बनाते हुए "नोट्स" के समान एक साथ पठनीय है। यह कम्पनी अधिनियम 1956 के अनुसार इच्छित ढंग से सूचना प्रदान करती है एवं साफ एवं सही विचार प्रदान करती है :-

(i) जैसा कि 31 मार्च 2010 को कारखाने के मामलों से सम्बन्धित तुलन-पत्र के विषय में,

(ii) जैसा कि उक्त तिथि को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लाभ एवं हानि विवरण में सम्पूर्ण हानियों के मसले में है।

(iii) नगद बहाव सूची के सम्बन्ध में उक्त तिथि को समाप्त होने वाले वर्ष के नगद बहाव के लिए।

(जी) अवलोकन एवं टिप्पणियों, जो कारखाना के क्रिया कलाप पर उलटा प्रभाव डाल सकती है।

कृते ई0एच0 अंसारी एण्ड कम्पनी
सनदी लेखाकार

ई0एच0 अंसारी
साझीदार
50869

स्थान : इलाहाबाद
दिनांक : 16 सितम्बर 2011

मेसर्स त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड के 31 मार्च 2011 को समाप्त हुये वर्ष के लेखा पर हमारे दिनांक 16.09.2011 के प्रतिवेदन में संदर्भित संलग्नक "ए"।

(i) (अ) कम्पनी अधिनियम ब्यौरे सहित विवरण दर्शाने वाले एवं स्थायी सम्पत्तियों का अभिलेख रखती है।

(ब) वर्ष के दौरान कम्पनी की स्थाई परिसम्पत्तियों का भौतिक सत्यापन नहीं किया गया है।

(स) वर्ष के दौरान किसी स्थायी परिसम्पत्तियों का निस्तारण नहीं किया गया है।

(ii) (अ) प्रबन्धन द्वारा वर्ष के दौरान सामान जाँच की प्रक्रिया द्वारा केवल तैयार माल एवं क्रियाधीन प्रगतिशील कार्यों का भौतिक सत्यापन किया गया है।

(ब) हमारे विचार में सभी कार्यशील साइटों पर सत्यापन का क्षेत्र बढ़ाये हुए एवं उनका विभिन्न कार्यों के विरूद्ध दिये गये सामानों, बनाये गये मालों एवं विभिन्न कार्यों के विरूद्ध भेजे गये मालों के साथ मिलान करते हुए, कम्पनी द्वारा प्रगतिशील कार्यों एवं तैयार मालों के भौतिक सत्यापन हेतु बनाये गये तरीकों को मजबूत करने की आवश्यकता है। इसके उपरान्त कच्चे माल, खरीदे गये मालों, भण्डार एवं अतिरिक्त सामानों का भौतिक सत्यापन इस चालू वर्ष के दौरान नहीं किया गया है।

(स) भौतिक सत्यापन पर कोई विसंगति नहीं पायी गई।

(iii) (अ) अधिनियम की धारा 301 के अन्तर्गत रखे हुए रजिस्टर के अनुसार कम्पनी ने कोई ऋण प्रतिभूति, अप्रतिभूति या किसी कम्पनी, फर्मो या दूसरी पार्टियों को न तो दिया है और न लिया है।

(ब) चूँकि कम्पनी ने काई ऋण नहीं लिया है इसलिये पैरा (iii) बी, (iii) सी और (iii) डी कम्पनी पर लागू नहीं होता है।

(iv) माल खरीदने और अचल सम्पत्ति तथा अन्य विक्रय माल की आन्तरिक नियन्त्रण पद्धति पर्याप्त है और संस्थान के आकार तथा व्यवसाय के प्रकार के अनुकूल बनाये जाने की आवश्यकता है।

(v) (अ) हमारे विचार में एवं हमें दी गयी सूचना तथा स्पष्टीकरण के अनुसार ऐसे किसी भी लेन-देन में कम्पनी शामिल नहीं है जिसको अधिनियम की धारा 301 के अनुसार किसी रजिस्टर में अंकित करने की आवश्यकता है।

(ब) "कम्पनी (लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन) आदेश 2003" के पैरा 4 के उपखण्ड, (अ) ब में निहित प्रावधान इस कम्पनी पर लागू नहीं होता है।

(vi) भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश तथा अधिनियम की उपधारा 58ए तथा 58एए के अन्तर्गत संस्थान ने जनसाधारण से संचय के लिये कोई धनराशि स्वीकार नहीं की है अत: कम्पनी पर यह नियम लागू नहीं होता।

(vii) हमारे विचार से कम्पनी के व्यापार के क्रियाकलापों के स्वरूप एवं आकार के मद्देनजर आन्तरिक आंकेक्षण प्रक्रिया में सोच एवं निपुणता की कमी है जिसे मजबूत करने की जरूरत है।

(viii) अधिनियम की धारा 209 की धारा (डी) की उपधारा, (1)के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार ने खर्चों के रिकार्ड के रख-रखाव हेतु कोई दिशा निर्देश नहीं दिया है।

(ix) (अ) अविवादित संवैधानिक देयतायें को जमा करने में कम्पनी नियमित नहीं है। सम्बन्धित वित्तीय वर्ष के आखिरी दिन को स्पष्ट बकाये की

मात्रा जो देय तिथि से छः महीने से ज्यादा समय के लिए निम्न प्रकार है :-

लेखा का मद	रकम (लाख रू0)
बिक्री कर एवं व्यापार कर	273.30
आयकर	0.56

(ब) बिक्रीकर/आयकर/वित्त कर/उत्पाद कर/अतिरिक्त कर जो नहीं जमा किया गया जिस पर यदि कोई विवाद है, और न्यायाधिकरण जिसमें विवाद चल रहा है निम्न है:

1. **बिक्री कर एवं व्यापार कर :-**

(रू0 लाखों में)	सम्बन्धित न्यायाधिकरण
328.47	उच्च न्यायालय, इलाहाबाद
80.67	उ0प्र0 व्यापार कर न्यायाधिकरण, इलाहाबाद।
40.57	उप-आयुक्त (अपील) उ0प्र0 व्यापार कर, इलाहाबाद
71.97	उ0प्र0 राज्य के बाहर बिक्री कर निर्धारण के मामले।

2. **केन्द्रीय उत्पाद कर :-**

(रू0 लाखों में)	सम्बन्धित न्यायाधिकरण
3.98	आयुक्त (अपील), इलाहाबाद
6.00	आयुक्त (अपील)
8.26	सीगेट
3.11	उत्पाद कर विभाग, वाईजाग एवं चण्डीगढ़
37.60	सी0ई0एस0टी0ए0टी0

3. **सेवा कर :-**

(रू0 लाखों में)	सम्बन्धित न्यायाधिकरण
6.13	आयुक्त, तमिलनाडु

(x) कम्पनी का शुद्ध लाभ पूरी तरह से धीरे-धीरे खत्म हो गया है। कम्पनी को दोनों वित्तीय वर्ष 2009-10 और 2010-11 में घाटा हुआ है।

(xi) कम्पनी भारतीय स्टेट बैंक, नैनी के साथ नगद ऋण खाता एवं शुद्ध नगद ऋण (क्लीन कैश क्रेडिट) खाता के भुगतान में उपेक्षा बरती है। उपेक्षित समय एवं रकम निम्न है:-

(रू0 लाखों में)

क्रम सं0	खाते की प्रकृति	मूलधन	ब्याज धन
1.	नगद ऋण	1412.08	शून्य
2.	शुद्ध नगद ऋण	360.00	23009.00
	योग :	1772.08	23009.00

(xii) न्यास प्रतिभूति, ऋण पत्र, अन्य प्रतिभूति के आधार पर कम्पनी ने किसी प्रकार के ऋण और अग्रिम का उत्तरदायित्व नहीं लिया है।

(xiii) "कम्पनी (लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन) आदेश 2003" के पैरा 4 के उपखण्ड (xiii) में निहित प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं होता है।

(xiv) "कम्पनी (लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन) आदेश 2003" के पैरा 4 के उपखण्ड (xiv) में निहित प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं होता है।

(xv) प्रबन्धन के प्रमाणित करने के अनुसार कम्पनी किसी बैंक या वित्तीय संस्था से अन्य द्वारा लिये गये ऋण के लिए कोई गारन्टी नहीं देती।

(xvi) जैसा कि प्रबन्धन द्वारा प्रमाणित किया गया है, वित्तीय वर्ष 2010-11 में भारत सरकार द्वारा प्राप्त सावधि ऋण का उपयोग उसी उद्देश्य में करेगी जिसके लिए कम्पनी को दिया गया था।

(xvii) वित्तीय वर्ष 2010-11 के दौरान कम्पनी ने कोई अधिमान प्रतिभूति अंश जारी नहीं किया।

(xviii) "कम्पनी (लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन) आदेश 2003" के पैरा 4 के उपखण्ड (xix) में निहित प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं होता है।

(xix) "कम्पनी (लेखा परीक्षकों के प्रतिवेदन) आदेश 2003" के पैरा 4 के उपखण्ड (xx) में निहित प्रावधान कम्पनी पर लागू नहीं होता है।

(xx) जैसा कि प्रबन्धन द्वारा प्रमाणित किया गया है, वर्ष के दौरान कम्पनी के जानकारी में या सूचना में कोई प्रपंच नहीं हुआ है।

कृते ई0 एच0 अंसारी एण्ड कम्पनी
चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट

स्थान : इलाहाबाद — **ई0 एच0 अंसारी**
दिनांक : 16.09.2011 — साझीदार (50869)

लेखा नीतियाँ

1. मूल्य ह्रास :

स्थायी परिसम्पत्तियों पर मूल्य ह्रास सरल रेखा पद्धति के आधार पर किया गया।

- कम्पनी अधिनियम, 1956 की अनुसूची xiv में उल्लिखित दरों के अनुसार उन स्थायी परिसम्पत्तियों पर जो 2.4.1987 को या उसके पश्चात् अस्तित्व में आयीं।
- कम्पनी द्वारा निर्धारित परिसम्पत्तियों के अनुमानित जीवन के अनुसार उन स्थायी परिसम्पत्तियों पर जो 1.4.1987 को या उसके पूर्व अस्तित्व में आयीं।
- परिसम्पत्तियों के प्रयोग की अवधि के अनुपात के अनुसार मूल्य ह्रास प्रभावी किया जाता है।

2. निवेश :

लम्बी अवधि हेतु निवेश को लागत पर आंका गया।

3. तालिकाओं का मूल्यांकन :

3.1 कच्चा माल, संघटक और भण्डार एवं अतिरिक्त :

कच्चा माल, क्रय किये गये उपकरण, भण्डारण एवं अतिरिक्त कल पुर्जो इत्यादि का मूल्यांकन भार औसत लागत दर पर किया जाता है।

रद्दी माल तथा अवशिष्ट, जैसे जस्ता-भस्म तथा जस्ता तलछटों को कच्चे माल की सूची में सम्मिलित किया जाता है। उनका मूल्यांकन प्राप्य मूल्य पर किया जाता है। रद्दी इस्पात के विक्रय का निरूपण अन्य राजस्व के रूप में किया जाता है तथा अनुरूपी माल की लागत को माल के उपयोग की लागत में सम्मिलित किया जाता है।

ग्राहकों के माल के अवशेषों का, जो उनके कार्यआदेशों के सम्पादन के लिये प्राप्त होता है उससे बचे उपयोग न किया गया का लेखा अलग से रखा जाता है। इन्हें कम्पनी लेखा पुस्तिकओं में नही लिया जाता है।

3.2 प्रगतिआधीन कार्य

प्रगतिआधीन कार्य का मूल्याकंन निम्न प्रकार से किया जाता है :

- प्रगतिआधीन कार्यों के लिये दिये गये इस्पात का मूल्यांकन उन कार्यादिशों के अर्न्तगत लगने वाले इस्पात को औसत भार दर पर किया जाता है, उन कार्यो का जिनकी अलग पहचान है, उसे अलग-अलग परियोजना मूल्य के आधार पर किया जाता है।
- अदृश्य क्षति के लिये एक प्रतिशत की दर से तथा बचे रद्दी माल की अदृश्य क्षति के लिये संचित उत्पादन एवं उत्पन्न संचित माल के पारस्परिक प्रतिशत के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। तकनीकी कठिनायी के कारण रद्दी माल को कार्य आदेशों के अनुसार अलगाव एवं समायोजन नहीं किया जाता है।
- प्रत्येक अर्ध-निर्मित उत्पादित इस्पात के प्रतिशत को टन में प्रदर्शित किया जाता है जिसका मूल्यांकन लागत एवं विक्रय मूल्य में से इस्पात की लागत को घटाकर, यदि वह उसमें सम्मिलित हैं, जो कम हों उसके आधार पर किया जाता है।
- उत्पादन होने तक कार्यादेश पर हुये व्यय को वास्तविक व्यय के आधार पर दर्शाया जाता है, जिसमें पूर्व अवधि व्यय सम्मिलित है।

3.3 तैयार माल :

तैयार माल (ग्राहकों के प्रेषित माल को छोड़कर) का मूल्याकंन औसत लागत या औसत विक्रय दर में जो भी कम हो, के आधार पर किया जाता है। निर्मित माल के भण्डार का मूल्यांकन उत्पाद शुल्क

को सम्मिलित करके किया जाता है। औसत लागत मूल्य का प्रतिकलन ब्याज तथा प्रशासनिक व्यय को पृथक करके किया जाता है।

3.4 **ग्राहकों को निर्गत माल :**

कार्यशाला से निर्गत तथा कार्यस्थलों पर निष्पादित माल जिसका कार्यादेश के प्रावधानों के अनुसार बिल नहीं बनाया जा सका, को निर्मित माल की सूची में सम्मिलित किया जाता है। ऐसे माल के मूल्यांकन में उत्पाद शुल्क के भाग को सम्मिलित किया जाता है।

3.5 **राजस्व मान्यता :**

(अ) विक्रय :

1. माल के प्रेषित होने पर ही विक्रय को लेखा पुस्तकों में लिया जाता है तथा संविदा की शर्तों के अनुसार बिल प्रेषित किया जाता है।
2. कार्यस्थलों पर निष्पादित कार्यों के विक्रय को (अभिनिर्माण एवं अन्य सेवाओं को सम्मिलित करके) निष्पादित कार्य की प्रगति के आधार पर लेखा पुस्तकों में लिया जाता है तथा संविदा की शर्तो के अनुसार बिल कार्य स्थल (साइट) द्वारा प्रेषित किया जाता है।
3. संविदा की शर्तों के अनुसार ग्राहकों पर प्रस्तावित दावों को विक्रय माना जाता है।
4. विक्रय में उत्पाद शुल्क सम्मिलित किया जाता है।
5. ग्राहकों से नि:शुल्क प्राप्त माल की लागत को विक्रय में सम्मिलित नहीं किया जाता है।

(ब) अन्य राजस्व :

रद्दी माल के विक्रय को वास्तविक विक्रय के रूप में माना जाता है।

4. **दावें :**

4.1 **संस्थान द्वारा :**

4.1.1 निर्यात प्रोत्साहन :

निर्यात एवं अन्य भौतिक प्रोत्साहनों की गणना देयता के आधार पर की जाती है ।

4.1.2 कार्यादेशों के प्रावधानों के अनुसार पारिश्रमिक एवं माल में वृद्धि एवं अन्य प्राप्तियों के लिये प्रावधान बीमांकिक के आधार पर किया जाता हैं किन्तु ऐसे दावों जो संविदा के प्रावधानों पर आधारित नहीं होते, ग्राहकों द्वारा स्वीकृति विक्रय माना जाता है।

4.2 **संस्थान के विरूद्ध :**

4.2.1 निर्यात कर, केन्द्रीय उत्पाद कर, आय कर, बिक्रीकर आदि से सम्बन्धित अन्तिम कर निर्धारण के कारण होने वाली देनदारी चालू वर्ष के खाते में रखा गया है, जिसमें अन्तिम कर निर्धारण का एवं/अथवा फैसला किया गया है।

4.2.2 चालू वर्ष में आकस्मिक देनदारी की गणना की गयी है जिसमें यह स्पष्टत: मान्य है।

5. **प्रावधान :**

5.1 **सेवोपहार :**

सेवोपहार की गणना वित्तीय वर्ष के अन्तिम दिन बीमांकिक (एक्चुरियल) आधार पर जाती है।

5.2 **अवकाश नकदीकरण :**

अवकाश नकदीकरण की गणना वित्तीय व)र्ा के अन्तिम दिन बीमांकिक (एक्चुरियल) आधार पर की जाती है।

6. **विविध व्यय :**

(बढ़त जो बट्टे खाते में नहीं डाली गई)

6.1 स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति योजना पर किये गये खर्च जिसे सरकार से गैर योजना ऋण के रूप में दिया है, को लेखा मानक ए.एस. -26 के अनुसार समावेश किया गया है।

6.2 स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति योजना के तहत सरकार द्वारा प्राप्त सहायता को उसी वर्ष के लिये आय एवं व्यय के रूप में लिया गया है।

31 मार्च 2011 को समाप्त हुये वर्ष का तुलन पत्र

(रू0 लाखों में)

	अनुसूची		**समाप्ति वर्ष 31.03.2011**		समाप्ति वर्ष 31.03.2010
निधियों के स्रोत					
अंशधारियों की निधियॉ					
पूँजी	1.1	**2,127.00**		2,127.00	
आरक्षित एवं आधिक्य (लाभ एवं हानि का उधार शेष)	-	**(63,429.58)**	**(61,302.58)**	(58,111.34)	(55,984.34)
ऋण निधियॉ					
प्रतिभूत ऋण	2.1	**4,254.90**		4,254.90	
अप्रतिभूत ऋण	2.2	**53,134.48**	**57,389.38**	48,237.43	52,492.33
			(3,913.20)		(3,492.01)
निधियों का उपयोग					
स्थायी परिसम्पत्तियॉ					
सकल ब्लाक		**1,964.76**		1,964.13	
घटित : मूल्य ह्रास		**1,667.98**		1,635.70	
शुद्ध ब्लाक	3.1	**296.78**	**296.78**	328.43	328.43
निवेश	4.1		**0.05**		0.06
चालू परिसम्पत्तियॉ सूची ऋण एवं अग्रिम					
माल सूची	5.1	**406.63**		468.81	
विविध देनदार	5.2	**1,117.60**		1,261.08	
नगदी एवं बैंक शेष	5.3	**133.42**		649.50	
ऋण एवं अग्रिम	5.4	**340.26**		318.80	
		1,997.91		2,698.19	
घटित : चालू देयतायें एवं प्रावधान					
देयतायें	6.1	**5,872.59**		6,178.51	
प्रावधान	6.2	**335.35**		340.18	
		6,207.94		6,518.69	
शुद्ध चालू परिसम्पत्तियॉ			**(4,210.03)**		(3,820.50)
			(3,913.20)		(3,492.01)

अनुसूचियॉ, लेखा नीतियॉ प्रासंगिक देयतायें तथा लेखा पर टिप्पणियॉ लाभ एवं हानि लेखा तुलन पत्र के अभिन्न अंग हैं।

हमारे इसी दिनांक के प्रतिवेदन के अनुसार

कृते ई0 एच0. अंसारी एण्ड कम्पनी
सनदी लेखाकार

(ई एच. अंसारी)
साझीदार

स्थान : इलाहाबाद
दिनांक : 16 सितम्बर 2011

(एस0 के0 श्रीवास्तव)
विभागाध्यक्ष (वित्त)

(आर0 के0 श्रीवास्त)
कम्पनी सचिव प्रभारी

(देवाशीष जाना)
निदेशक

(अजय कुमार)
अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक

31 मार्च 2011 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए लाभ एवं हानि लेखा :

(रू0 लाखों में)

	अनुसूची		समाप्त 31.03.2011		वर्षसमाप्त वर्ष 31.03.2010
1. आय					
विक्रय					
- अन्तर्देशीय		**64.18**		169.26	
- निर्यात		**0.00**		0.00	
- निष्पादित कार्य		**155.44**	**219.62**	164.42	333.68
(निर्माण तथा अन्य सेवाओं सहित)					
अन्य राजस्व	8.2		**42.00**		46.78
निर्मित तथा प्रक्रियाधीन कार्य व माल में					
वृद्धि (+)/(-)	8.3		**(27.32)**		(21.12)
			234.30		359.34
2. व्यय					
सामग्री की खपत	9.1		**41.98**		26.69
उपठकेदारी /श्रम ठेकेदारी पर व्यय			**10.13**		78.41
कर्मचारियों को पारिश्रमिक एवं हितलाभ	9.2		**486.13**		842.36
निर्माण प्रशासन विक्रय एवं वितरण पर अन्य व्यय	9.3		**219.01**		205.04
ब्याज	9.4		**4,643.41**		4,558.89
ह्रास	3.1		**32.29**		32.31
प्रावधान	9.5		**142.76**		222.44
			5,575.71		5,966.14
वर्ष हेतु लाभ/(हानि)			**(5,341.41)**		(5,606.80)
पूर्व समय समायोजन (शुद्ध)	10.1		**23.22**		(15.24)
कर पूर्व लाभ/(हानि)			**(5,318.19)**		(5,622.04)
कर हेतु प्रावधान			**0.00**		0.00
अतिरिक्त लाभ कर के लिए प्रावधान कर प्रावधान			**0.00**		0.00
कर पश्चात् लाभ/हानि			**(5,318.19)**		(5,622.04)
विगत वर्ष का अग्रसारित शेष लाभ/(हानि)					
तुलन पत्र में आया लाभ/(हानि) का शेष			**(58,111.39)**		(52,489.30)
तुलन पत्र में लाभ/(हानि)			**(63,429.58)**		(58,111.34)
लाभ-हानि का शेष					

अनुसूची, लेखा नीतियॉ, आकस्मिक दायिताएं एवं लेखा पर टिप्पणियॉ लाभ एवं हानि तुलन पत्र के अभिन्न अंग है।
हमारी समसंख्यक तिथि के अधीन

कृते ई0 एच0. अंसारी एण्ड कम्पनी
सनदी लेखाकार

(एस0 के0 श्रीवास्तव)
विभागाध्यक्ष (वित्त)

(देवाशीष जाना)
निदेशक

(ई एच. अंसारी)
साझीदार

(आर0 के0 श्रीवास्त)
कम्पनी सचिव प्रभारी

(अजय कुमार)
अध्यक्ष-सह-प्रबन्ध निदेशक

स्थान : इलाहाबाद
दिनांक : 16 सितम्बर 2011

31 मार्च 2011 को समाप्त वर्ष के लिए नगदी प्रवाह का विवरण

(₹ लाखों में)

	समाप्ति वर्ष 31 मार्च 2011	समाप्ति वर्ष 31 मार्च 2010
परिचालन गतिविधियों से नगदी प्रवाह		
लाभ हानि लेखा के अनुसार शुद्ध लाभ	**(5,318.19)**	(5,622.04)
समायोजन हेतु :		
ह्रास	**32.29**	32.31
पूर्व समय में पीछे लिया गया ह्रास		(0.21)
प्रावधान	**142.76**	222.44
सम्पत्तियों के विक्रय पर लाभ		
कार्यशील पूँजी परिवर्तन से पूर्व परिचालन लाभ	**(5,143.14)**	(5,367.50)
कार्यशील पूँजी में परिवर्तन :		
जोड़ा : चालू परिसम्पत्तियों में कमी स्कन्ध तालिकाए	**31.02**	20.46
विविध देनदार	**31.87**	24.37
ऋण एवं अग्रिम	**–**	980.27
चालू दायिताओं में बढ़ती	**–**	230.19
प्रावधान में बढ़ती	**–**	–
घटित : चालू परिसम्पत्तियों में बढ़ती तालिकाएं	**–**	–
विविध देनदार	**–**	–
ऋण एवं अग्रिम	**21.47**	–
प्रावधान में कमी	**4.83**	91.71
चालू दायिताओं में कमी	**305.93**	–
परिचालन गतिविधियों में नगदी उपयोग	**(5,412.48)**	(4,203.92)
निवेश गतिविधियों से (उपयोग की गयी) नगदी प्रवाह		
